Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 18-08-2006
Participants : Yadav Shri Anirudh Prasad (Sadhu)

an>

Title : Need to formulate schemes for the welfare of fishermen in coastal areas of the country.

श्री अनिरुद्ध प्रसाद उर्फ साधु यादव (गोपालगंज) : सभापति महोदय, मैं लोक महत्व का एक अति महत्वपूर्ण विाय आपके माध्यम से सदन में रखना चाहता हूं। भारत के तटवर्तीय राज्यों जैसे केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उड़ीसा आदि में हर साल बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवात के कारण भारी वाा होती cè[h92]। तटवर्तीय प्रांत जलमग्न होने से लोगों को असुविधा होती है। ऐसी परिस्थिति में ज्यादा पीड़ित मत्स्यकर वर्ग है। जब तक खाड़ी तूफान से शांत नहीं हो जाए, तब तक मछुवारें अपने काम पर लौट नहीं सकते हैं, अर्थात काम नहीं है तो कमाई नहीं और कमाई नहीं है तो भोजन भी नहीं। आसपास का आवरण जलमग्न होने के कारण जल संबंधित बीमारियों की परेशानी से भी अलग से भुगतना पड़ता है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं, मेरा अनुरोध है कि उक्त परिस्थितियों में मछुवारों को भूख व बीमारियों से निपटने के लिए कुछ ऐसी योजनाएं बना दी जाएं, जिसकी मदद से उनके जीवन पर खराब मौसम से उत्पन्न समस्याओं से विमुक्ति मिले।